सार-समाचार

सर्व समाज शहर महिला इकाई की नई कार्यकारिणी घोषित

भरतपुर (निस)। सर्व समाज की शहर महिला इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन की नई कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल की अनुशंसा पर महिला अध्यक्ष सरबजीत कौर द्वारा निम्न नियुक्तियाँ की गईं। रेखा शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सरोज शर्मा को संगठन मंत्री, प्रीति राज जैन को शहर मंत्री का दायित्व सौंपा गया। बैठक में आगामी दीपावली पर्व को सेवा भावना के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने बताया कि इस वर्ष संगठन की ओर से कच्ची बस्तियों एवं गरीब परिवारों के कुछ चुनिंदा घरों तक पहुंचकर दीपावली गिफ्ट हैंपर वितरित किए जाएंगे। इनमें राशन सामग्री, दीपक, बत्ती, तेल,आतिशबाजी आदि शामिल होंगे ताकि ऐसे परिवार जो दिवाली नहीं मना पाते, उनके घरों में भी खुशियाँ रोशन की जा सकें। नई कार्यकारिणी सदस्यों ने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर सेवा के इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अनिल भारद्वाज, कृष्णकांत शर्मा, रणजीत सिंह, गौरव पाराशर, मोहित सोनी, मीनाक्षी खत्री, दीपशिखा पाठक एवं योगेश दीक्षित सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय टूर्नामेंट में 12 पदक जीतकर मचाई धूम

भरतपुर (निस)। कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर पर आयोजित खेल एवं सांस्कृतिक टूर्नामेंट में कृषि महाविद्यालय भुसावर का शानदार प्रदर्शन रहा है। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि महाविद्यालय की पूजा चौधरी को बेस्ट महिला एथलीट अवार्ड से नवाजा गया है। पूजा चौधरी ने इस टूर्नामेंट में 800 मीटर व 1500 मीटर दौड प्रतियोगिताओं में दो स्वर्ण पदक जीते है। टूर्नामेंट के समापन समारोह में सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के पदकों की घोषणा की गयी, जिसमें महाविद्यालय के दिलराज सैनी ने मूक अभिनय में स्वर्ण पदक तथा राहुल जाखड, अन्नु पलसानिया, पलक यादव, गोविन्द शर्मा, मीतेश स्वर्णकार व जीतेन्द्र वर्मा ने मोनोएक्टिंग में स्वर्ण पदक जीता है। इसी तरह रंगोली में मनीषा गुर्जर तथा आशुभाषण प्रतियोगिता में निशित श्रीवास्तव को कांस्य पदक प्रदान किया गया। खेल प्रतियोगिताओं में गोमी चौधरी को एक स्वर्ण व एक रजत पदक मिला है। खेल प्रभारी डॉ. मोहित कुमार ने बताया कि इस अन्तरमहाविद्यालय टूर्नामेंट में कृषि महाविद्यालय भुसावर को विभिन्न प्रतियोगिताओं में पाँच स्वर्ण, तीन रजत व चार कांस्य पदक सहित कुल 12 पदक मिले हैं। इस टूर्नामेंट में कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के अन्तर्गत आने वाले 18 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया।

रिद्धिमा शर्मा ने राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर नाम किया रोशन

भरतपुर (निस)। एडरॉइट पब्लिक स्कूल की छात्रा रिद्धिमा शर्मा ने राज्य स्तरीय रायफल तथा पिस्टल शूटिंग अन्डर 14 में 184 अंक हासिल कर रजत पदक पाप्त किया है। मात्र 1 अंक से चूकने के बावजूद रिद्धिमा शर्मा ने भरतपुर जिले का नाम रोशन किया है। इस विजय के बाद छात्रा का चयन नेशनल के लिए किया गया है। विद्यालय परिवार ने छात्रा रिद्धिमा की उपलब्धि को असाधारण बताते हुए उसके स्वर्णिम भविष्य की कामना की। इस अवसर पर छात्रा का सम्मान कर उसे बधाई देते हुए विद्यालय निर्देशिका अंजना जैन प्रधानाचार्या सीमा शर्मा तथा कार्डनिडर खुशबू ने छात्रा से भविष्य में और अधिक ऊँचाइयाँ अर्जित करने की कामना की। इस अवसर पर हरिओम, पांचाल, घूनम, अर्पणा, चंचल, विजय, निधि, अंजू, शिल्पी, कविता संगीता, नम्रता, नेहा, मेनका, हर्षिता, माया, मन्यू, पूजा आदि अध्यापकों ने समारोह में अपनी उपस्थिती दी।

विद्यार्थियों ने वन्यजीव सप्ताह प्रतियोगिताओं में मारी बाज़ी

भरतपुर (निस)। केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर 2025 तक आयोजित 'वन्यजीव सप्ताह' के दौरान भगत सिंह मॉडर्न माध्यमिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कई प्रतियोगिताओं में पुरस्कार प्राप्त किए। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम वर्ग में 'अभिषेक शर्मा (कक्षा 6वीं)' ने प्रथम स्थान, द्वितीय वर्ग में 'अवनि शर्मा (कक्षा 9वीं)' ने प्रथम, 'आरुषि (कक्षा 9वीं)' ने द्वितीय तथा 'तनिष्का (कक्षा 9वीं)' ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता के द्वितीय वर्ग में 'जिया शर्मा (कक्षा 10वीं)' ने तृतीय स्थान हासिल किया, जबकि रंगोली प्रतियोगिता में 'करिश्मा, नव्या और सलोनी (कक्षा 9वीं)' ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर 'उप वन संरक्षक (वन्यजीव) भरतपुर' द्वारा सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सुरक्षित खनन हेतु करौली टांकी (टूल) का किया वितरण

करौली (निंसं.)। डांग विकास संस्थान द्वारा सिलिकोसिस नामक जानलेवा बीमारी के बचाव हेतु खनन क्षेत्रों में संस्थान द्वारा तैयार किए गए करौली टांकी टूल का वितरण किया जा रहा है। डांग विकास संस्थान करौली के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा ने बताया की संस्थान ने मासलपुर, मंडरायल ब्लॉक के 65 खनन बाहुल्य गांवो में कार्यरत खनन श्रमिकों को खदान क्षेत्र में जाकर करौली टांकी टूल का वितरण किया जा रहा है संस्थान के द्वारा लांगरा व बुगडार की खदानों में 40 मजदूरों को करौली टांकी टूल वितरण किए गए साथ ही सुरक्षित खनन कार्य करने, कार्य स्थल पर सुविधाऐं,सिलिकोसिस बीमारी से बचाव व सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई इस अवसर पर संस्थान के कार्यक्रम समन्वयक राजेश शर्मा, विक्रम सिंह जाटव, सोनू उपस्थित रहे।

संगठन ने पुलिस अधीक्षक का जताया आभार

करौली(निंसं.)। राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ के पदाधिकारी ने जिला पुलिस अधीक्षक को आभार पत्र सौंपते हुए आभार जताया है। राष्ट्रीय मठ मंदिर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राम पंडा, राष्ट्रीय अध्यक्ष हनुमान सहाय शर्मा एवं करौली जिला अध्यक्ष दिलीप शर्मा सहित कई अन्य लोगों ने जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल को आभार पत्र सौंपते हुए बताया की पवन शर्मा के प्रकरण में न्याय हेतु आपको ज्ञापन सोपा गया था जिस पर तत्परता के साथ आपके नेतृत्व में पुलिस ने तुरंत संज्ञान लेकर अपराधी को गिरफ्तार कर लिया इसके लिए आपकी पूरी टीम आभार की पात्र है उन्होंने कहा कि जिले में पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल की ईमानदारी एवं कर्तव्य निष्ठा के साथ कार्य किया जा रहा है राष्ट्रीय मंदिर संघ आभार व्यक्त करता है इस अवसर पर संरक्षक तुलसीराम शर्मा, जिला प्रमुख लोकेश शर्मा, संयोजक रामनिवास शर्मा द्वारा सम्मान पत्र देकर सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक का आभार व्यक्त किया।

जिला स्तरीय विज्ञान मेले में विद्यार्थियों का दबदबा

हिंडौन सिटी(निसं)। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल करौली में आयोजित तीन दिवसीयजिला स्तरीय विज्ञान मेलेका समापन 9 अक्टूबर 2025 को हुआ। मेले में जिले के अनेक राजकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर परआशीष मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिंडौन सिटीके 18 विद्यार्थियों ने क्विज, सेमिनार एवं मॉडल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के 11 विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषय मेंजिले में प्रथम स्थानप्राप्त कर विद्यालय का परचम फहराया। विजेता विद्यार्थियों का विद्यालय परिसर में स्वागत एवं सम्मान किया गया। सेमिनार प्रतियोगिता मेंऋषि सिंघल पुत्र साकेत गुप्ताने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि क्विज प्रतियोगिता मेंचेष्ठा सिंघल पुत्री अतुल कुमार सिंघलने द्वितीय स्थान अर्जित किया। मॉडल प्रतियोगितामें कई विद्यार्थियों ने अपने नवाचार से सभी का ध्यान आकर्षित किया। सिया जिंदल (सतत कृषि), आशी जिंदल (जल संरक्षण), आराध्या शर्मा (ग्रीन एनर्जी), त्रिशला शर्मा (वेस्ट मैनेजमेंट), वंशिता सिंघल (हेल्थ एंड हाइजीन), काव्या धाकड (सतत कृषि), धैर्य जिंदल (ग्रीन एनर्जी), तनिष्क जैन (मैथमेटिकल मॉडलिंग), अर्णव गुप्ता (इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज) और पीयूष सिंघल (मॉडल फॉर डिसेबल्ड पर्सन) ने प्रथम स्थान हासिल किया।

बालश्रम की रोकथाम को लेकर बाजार में की छापेमारी

करौली (निंसं.)। जिला प्रशासन, बाल कल्याण समिति एवं एक्शन एड यूनिसेफ करौली के संयुक्त तत्वावधान में दीपावली पर्व के अवसर पर बाल श्रम एवं भिक्षावृति की रोकथाम एवं जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से करौली बड़ा बाजार में छापेमारी कर बच्चों से मजदूरी नही करवाने की नसीहत देकर नियोक्ताओं से संकल्प पत्र भरवाये गए।

■ **बालश्रम एवं भिक्षावृति पर विशेष नजर रखने व कोई भी व्यापारी बच्चों को काम पर नही रखें के लिए जागरूक किया**

जिला बाल कल्याण समिति अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि जिला प्रशासन, बाल अधिकारिता विभाग एवं एक्शनएड यूनिसेफ करौली द्वारा बाल श्रम मुक्त करौली अभियान के अंतर्गत इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बाल कल्याण समिति सदस्य फजले अहमद,दिलीप मीणा,एक्शनएड यूनिसेफ जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा, मानव तस्करी विरोधी यूनिट, चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी भीकमसिंह, ग्रामराज्य विकास एवं् प्रशिक्षण संस्थान से प्रेरणा धावाई, एक्शन फोर एडवोकेसी विकास अनुसंधान संस्थान प्रभारी देवीशंकर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अधिकार मित्र रामराज बैरवा आदि उपस्थित रहें। एक्शन एड यूनिसेफ करौली के जिला समन्वयक दिनेश कुमार बैरवा ने त्यौहारों के सीजन पर बच्चों से बालश्रम एवं भिक्षावृति नही करवाने के लिए बर्तन, पकडे, कलर पेंट, पटाखे, मीठाई आदि दुकानों पर बालश्रम करने वाले बच्चों पर एवं भिक्षावृति करने वालें बच्चों पर विशेष नजर रखी जा रही है बालश्रम ओर भिक्षावृति करतें हुए पाये जाने वालें बच्चों को रेस्क्यू एवं बालश्रम करवाने वालें लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही।

जिला समन्वयक ने बताया कि हमें त्योहारी सीजन में बाल मजदूरी की बढ़ती घटनाओं को रोकना एवं बच्चों को खतरनाक और गैर-खतरनाक दोनों तरह के कामों में लगाने से रोकने के साथ छुडाए गए बच्चों के पुनर्वास के लिए प्रभावी योजना बनाने की बात करतें दुकानदारों को बालश्रम एवं भिक्षावृति में लिप्त बच्चों की शिकायत करने हेतु प्रेरित किया गया। बाल कल्याण समिति सदस्य फजले अहमद ने इस समस्या के प्रति समाज में जागरूकता पैदा करने एवं दीपावली के दौरान सभी से बालश्रम एवं भिक्षावृति पर विशेष नजर रखने व कोई भी व्यापारी बच्चों को काम पर नही रखें के लिए जागरूक किया।

सदस्य दिलीप मीणा ने पटाखों की दुकानें और गोदाम मिठाई की दुकानें और कारखाने होटल, रेस्तरां और ढाबे त्योहारी मेलों और बाज़ारों में स्टॉल निर्माण स्थल पर जाकर लोगों को बालश्रम एवं भिक्षावृति के खिलाफ लोगों को जागरूक करने एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर शिकायत करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। भीकमसिहं चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी ने त्यौहारों के सीजन में बच्चों को बालश्रम एवं भिक्षावृति से दूर रखने के लिए सभी नागरिकों के साथ व्यापारियों से अपील की। आवास प्रभारी देवीशंकर, जीवीपीएस प्रभारी प्रेरणा धावाई, अधिकार मित्र रामराज बैरवा ने छापेमारी के दौरान पूरा सहयोग किया ओर नियोक्ताओं से संकल्प पत्र भरवाए अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कहा कि श्रम विभाग, पुलिस, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम, एक्शनएड यूनिसेफ और बाल कल्याण समिति की संयुक्त टीमो ने बाजारों में छापेमारी की ।

सड़क निर्माण का विरोध कर कार्य रुकवाया

करौली(निंसं.)। जिला मुख्यालय पर एक मात्र शहर के मोक्ष धाम के आम रास्ते पर सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा घटिया सामठी से सीसी सडक मार्ग के निर्माण कार्य पर नाराजगी जाहिर करते हुए आसपास की आबादी के लोगों सहित भाजपाइयों के द्वारा कार्य रुकवाने पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटिया निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए घटिया निर्माण कार्य को हटाकर पुन सडक निर्माण करने का आश्वासन दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के एक मात्र मोक्ष धाम को जाने वाले मार्ग की जर्जर हालत होने पर सरकार से लंबे समय से सडक मार्ग निर्माण के लिए मांग की जा रही थी जीस मांग पर सरकार ने सडक मार्ग के लिए राशि स्वीकृत की जिस राशि से कार्यकारी एजेंसी सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से गत दो दिन पूर्व निर्माण कार्य शुरू किया गया लेकिन निर्माण कार्य इतना घटिया किस्म का था जिसको लेकर शहर के लोगों और सड़क मार्ग के आसपास बसी आबादी के लोगों सहित भाजपायों ने निर्माण कार्य को बंद करवा दिया जिसको लेकर गुरुवार को सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता रविंद्र कुमार शर्मा और अभियंता मौके पर पहुंचे जहां पर उन्होंने हटरिया से लेकर मोक्ष धाम मासलपुर गेट तक के कुछ हिस्से में सीसी सडक के हुए घटिया निर्माण की जांच की इस मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री सुरेश शुक्ला, भाजपा नेता अजय पाल ,शहर मंडल अध्यक्ष आशुतोष तिवारी सहित आसपास के आबादी के लोग मौके पर थे जिन्होंने घटिया निर्माण को हटाकर गुणवत्ता पूर्ण सीसी सडक निर्माण करने की मांग रखी सहायक अभियंता रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा शहर की सडकों के लिए 2 करोड रुपए स्वीकृत किए गए जिस राशि से शहर की कई सडकों के निर्माण का टेंडर हो गया है जिसमें मोक्ष धाम की 590 मीटर की सीसी सडक शामिल है।

मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए योग व्यायाम जरूरी

भरतपुर (निस)। अनियमित जीवन शैली जिसमें देर रात तक जागना एवं स्क्रीन पर अधिक देर तक बने रहने के साथ साथ प्रतिस्पर्धा और असंतुलित खान-पान को मानसिक रोगों की सबसे बडी वजह बताते हुए मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए योग व्यायाम को जीवन शैली का अंग बनाने की बात विश्व मानसिक दिवस के अवसर पर राजकीय आयुर्वेद एवं योग प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में एम एस जे कालेज में कार्यरत प्रोफेसर डॉ राजबीर सिंह शेखावत ने कही।

■ **संतुलित खान-पान और जीवनशैली में आयुर्वेद में बताए गए नियमों को अपना लें तो मानसिक रोगों की संभावना से बचे रहने की बात कही**

उन्होंने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में धैर्य और संयम रखते हुए विवेक से निर्णय कर सकारात्मक सोच बनाए रखने की सलाह दी। कार्यक्रम समन्वयक उपाधीक्षक डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने बताया कि आयुर्वेद के अनुसार संतुलित खान-पान और जीवनशैली में आयुर्वेद में बताए गए नियमों को अपना लें तो मानसिक रोगों की संभावना से बचे रहने की बात कही। उन्होंने चिकित्सालय में मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन एवं संरक्षण हेतु संचालित सेवा अभियान की प्रगति के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में प्राचार्य डॉ यशपाल सिंह डॉ मोहन स्वरूप शर्मा डॉ कुलदीप शर्मा डॉ शैलेश शर्मा द्वारा विचार व्यक्त किए गए। कार्यशाला में एस बी के स्कूल की छात्राओं ने भाग लिया एवं मानसिक तनाव को दूर रखने के उपायों और खान-पान योग व्यायाम के बारे में जानकारी ली। कार्यशाला में इन्टर्नशिप कर रहे डॉ वीरेंद्र सिंह नर्सिंग अधीक्षक सुरेन्द्र पाल सिंह वरिष्ठ कंपाउंडर भगवान सिंह मोरध्वज शर्मा कान्हा कुमार द्वारा सहयोग किया गया।अंत में सभी का आभार व्यक्त डॉ शैलेश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ चन्द्र प्रकाश दीक्षित ने किया।

साक्षरता पर जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

करौली(निंसं.)। गुरुवार को जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण (कार्यशाला) उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत डाइट करौली में आयोजित हुई। कार्यशाला का शुभारंभ जिला साक्षरता अधिकारी रामातार मीना ने सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया कार्यशाला में करौली जिले के आठों ब्लॉकों प्रत्येक से तीन तीन केआरपी एवं ब्लॉक कॉर्डिनेटर,रजनी गोयल एसबीईओ रजनी गोयल,दक्ष प्रशिक्षक मोहरसिंह मीना,अशोक कुमार मीना आदि की सहभागिता रही जिला साक्षरता अधिकारी रामातार मीना ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि साक्षरता का सुचारू एवं सफल संचालन करने के लिए पूर्ण निष्ठा से कार्य करना है, साक्षरता सतत चलने वाली प्रक्रिया है ।

बाजारों में जाम की समस्या लोगों के लिए बनी सिरदर्द

रूपवास (निसं)। दीपावली का त्यौहार नजदीक आता जा रहा है। कस्बे के बाजारों में रौनक बढती हुई नजर आ रही है। आगामी 5 दिवसीय दीपोत्सव की तैयारियों की खरीददारी के लिए लोग बडी संख्या में बाजारों में पहुंच रहे है लेकिन बढती भीड के साथ ही अब बाजारों में जाम की समस्या लोगों के लिए सिरदर्द बन गई है। हालांकि दिन के समय भारी वाहनों के प्रवेश को रोकने के लिए होमगार्ड लगे हुए थे लेकिन शायद अब वह भी नही है। इसके कारण मुख्य बाजारों में वाहनों का लगातार आवागमन होता है। जिसके कारण घंटों जाम लग रहा है। इससे कस्बेवासी,आम राहगीर, दुकानदार और ठाहक सभी परेशान हैं। कस्बे में आए दिन कभी कभी तो जाम के हालात इतने बदत्तर हो जाते है जिससे पैदल राहगीर भी रास्ता नही निकल पाते है। घण्टों जाम की स्थिति बनी रहती है। त्यौहारी सीजन के चलते फुटपाथों पर अस्थायी दुकानों का कब्जा भी बढ़ गया है। कई दुकानदारों ने दुकानों के आगे तख्त व सामान रख लिया है, जिससे सडकें और संकरी हो गई हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि त्योहारी भीड़ को देखते हुए दिन के समय बाजारों में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए और अनाज मंडी के लिए वाहनों का आवागमन गौरव पथ के रास्ते ही किया जाए। कस्बे के जटमासी रोड पर अनाजमंडी स्थित है। अनाजमंडी को वाहनों का आवागमन करने के लिए गौरव पथ भी बना हुआ। इस गौरव पथ का उपयोग बहुत ही कम किया जाता है। अनाज मंडी में बाजरे की फसल की आवक शुरू होने के बाद हालात और बिगड़ गए हैं। मंडी में फसल लेकर आने वाले किसान अपने ट्रैक्टर-ट्रॉली को मुख्य बाजार में से होकर निकालते है जिससे जाम के हालात बन जाते है। इसके अलावा दुपहिया वाहन चालक भी दुकानों पर खरीददारी करते समय बाइको को सड़क पर आड़ा - तिरछा खड़ा कर देते हैं, जिससे आवाजाही करीब करीब ठप सी हो जाती है।

बीमा कंपनी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया

करौली, (निसं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने एक प्रकरण की सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी की ओर से लापरवाहीपूर्वक दस्तावेजों को पेश करके आयोग का समय बर्बाद करने पर 10 हजार रुपए जुर्माना लगाया है। हालांकि आयोग ने इस परिवाद को बीमा कंपनी के पक्ष में खारिज कर दिया। यह परिवाद महावीरजी तहसील के कांदरौली गांव निवासी कुम्हेरसिंह ने 7 अगस्त 23 को पेश किया था।

कुम्हेर सिंह ने परिवाद में उल्लेख किया कि उसने एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इण्डिया से फसल का बीमा कराया था। अतिवृष्टि से फसल खराब होने पर उसने बीमा कंपनी के समक्ष क्लेम पेश किया लेकिन बीमा कंपनी ने इस क्लेम को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि फसल नुकसान की बीमा क्लेम राशि का भुगतान पटवारी-गिरदावर या कृषि पर्यवेक्षक की समग्र रिपोर्ट के आधार पर नहीं किया जाता है। इस पर यह परिवाद आयोग के समक्ष पेश किया गया। दोनों पक्षों के साक्ष्य-सबूतों का विश्लेषण करने के बाद आयोग के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, सदस्य सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने परिवाद को पीड़ित की फसल को लेकर बीमा कंपनी के सर्वेयर की रिपोर्ट, किसी अधिकृत विशेषज्ञ की रिपोर्ट, नुकसान के आकलन की गणना रिपोर्ट पेश नहीं करने के आधार पर खारिज कर दिया।इस निर्णय की खास बात यह रही कि प्रकरण की सुनवाई के दौरान बीमा कंपनी की ओर से वकील उपेन्द्र आर्य ने 147 पेज की गाइड लाइन तथा अन्य दस्तावेज के 100 पेज आयोग के समक्ष पेश किए।

आयोग ने इतने पेजों को बिना किसी फ्लैग, हाइलाइट, मार्किंग और फेहरिस्त के पेश करने तथा मौखिक या लिखित बहस भी पेश नहीं करने को गंभीर लापरवाही मानते हुए बीमा कंपनी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। आयोग ने अपने निर्णय में लिखा है कि 250 पेजों में कोई हाइलाइट या मार्किंग नहीं की गई है। फ्लैग भी नहीं लगाया है। ऐसे में इन 250 पेजों में क्या कुछ पढना है या क्या नहीं पढना है, यह स्पष्ट नहीं किया गया। दस्तावेजों की फेहरिस्त भी पेश नहीं की गई है। बीमा कंपनी की ओर से लिखित-मौखिक बहस भी पेश नहीं की है। बीमा कंपनी ने आयोग के समक्ष यह कृत्य बेहद लापरवाही पूर्वक किया है। आयोग का अत्याधिक समय इन पेजों की जांच करने में बर्बाद हुआ। इस कारण आयोग ने बीमा कंपनी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाते हुए 30 दिवस में यह राशि उपभोक्ता कल्याण कोष में जमा कराने के आदेश दिए हैं। एक माह में जुर्माना राशि अदा नहीं करने पर 8 प्रतिशत ब्याज सहित यह जुर्माना राशि चुकानी पड़ेगी।

शहरी सेवा शिविरों से मिल रही घर बैठे राहत

सवाई माधोपुर,(निसं)। प्रदेश में आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं के लाभ को घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से चल रहे शहरी सेवा शिविर अभियान के तहत शुक्रवार को वार्ड संख्या 25 से 30 के लिए अम्बेडकर भवन, पुराना खण्डार बस स्टैंड पर शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर काना राम, नगर विकास न्यास सचिव गौरव बुडानिया, नगर परिषद सभापति जयप्रकाश सामरिया, नगर परिषद आयुक्त देवेन्द्र कुमार जिंदल ने आमजन को आवासीय पट्टे एवं विभिन्न योजनाओं के स्वीकृति पत्रों का वितरण कर लाभांवित किया।

16 लाभार्थियों को मिले आवासीय पट्टे, **3 को पीएम स्वनिधि के तहत मिला ऋण :-** इस दौरान अशोक नगर खेरदा निवासी सुशीला देवी, राजनगर निवासी रामावतार गोयल एवं सीता देवी, जटवाड़ा खुर्द निवासी दीपक जैन सहित अन्य को नगर परिषद द्वारा 5 आवासीय पट्टे, जन्म-मृत्यु विवाह संबंधी 40 प्रकरणों का निस्तारण कर प्रमाण पत्र जारी किए गए। साथ ही 3 लाभार्थियों को पीएम स्वनिधि योजना अन्तर्गत ऋण वितरण किया गया।

डी ए पी और यूरिया खाद की किल्लत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया जिला कलेक्टर को ज्ञापन

डीग भरतपुर (निस)। किसानो के समक्ष आ रही डी ए पी और यूरिया खाद की समस्या को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी खोह के अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा के नेतृत्व में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल को ज्ञापन देकर किसानों को रवी की फसल की बुवाई के लिए तत्काल डी ए पी और यूरिया खाद उपलब्ध कराने की मांग की है।

■ **समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी किसानो को साथ में लेकर जल्द आंदोलन शुरू करने को मजबूर होगी**

कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों का कहना है कि रवी की फसल की बुवाई होनी है।लेकिन किसानो को डी ए पी और यूरिया खाद नहीं मिल पा रही है। डी ए पी और यूरिया खाद की किल्लत को देखते हुए खाद विक्रेता डी ए पी और यूरिया खाद को ब्लैक में मनमानी कीमत पर बेच रहे है। जिससे किसान परेशान है।

एक तो खेतों में जलभराव के चलते रवी की फसल की बुवाई पर संकट के बादल छाए हुए है। दूसरी तरफ बुवाई के लिए डीएपी और यूरिया नहीं मिल रहा है।

ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कांग्रेस पार्टी किसानो को साथ में लेकर जल्द आंदोलन शुरू करने को मजबूर होगी। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष भवानी शंकर शर्मा, नगर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुगड सिंह जाटव, सिनसिनी सरपंच राजाराम, बंधा के सरपंच राजवीर सिंह, नंदकिशोर बेढम, प्रताप सिंह ,महेंद्र सिंह, रामजीलाल, पुष्पेंद्र सिंह फौजदार, वीरे सिंह सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता और किसान मौजूद थे।

शरीर ईश्वर का दिया हुआ वरदान ही नहीं अपितु स्वरूप भी है : प्रोफेसर अशोक कुमार

भरतपुर (निस)। लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर की ओर से आयोजित सेवाकुंर सप्ताह के अंतिम दिवस शुक्रवार को बाबूराम वेदांता मूक बधिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भरतपुर में विशेष सक्षम व्यक्तियों की सहायता के तहत गर्म जर्सी वितरित की गई। क्लब अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ.अशोक कुमार गुप्ता ने बताया कि लायंस क्लब भरतपुर कोहिनूर के तत्वावधान में सेवा कार्यों के सातों दिवस बहुत ही समर्पण कार्य से क्लब सदस्यों ने कार्य किया।

उन्होंने बताया कि क्लब के सभी सदस्यों ने तन-मन-धन से इस सेवा सप्ताह में समर्पित होकर कार्य सम्पन्न किया। उन्होंने मानव सेवा धर्म को सर्वोच्च बताते हुए कहा कि शरीर ईश्वर का दिया हुआ वरदान ही नहीं अपितु स्वरूप भी है। बाबूराम वेदांता मूक, बधिर स्कूल में सेवा कार्य करते हुए उन्होंने कहा कि यहाँ अध्ययनरत 31 विद्यार्थी जो शारीरिक रूप से दिव्यांग है, जो न सुन सकते और न बोल सकते हैं और ना ही सहीं ढंग से चल सकते हैं उनकी सेवा करना साक्षात भगवान की सेवा करना है। डॉ.गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजकों लायन अशोक कुमार गुप्ता, रूपेन्द्र चौधरी, संजय खंडेलवाल, प्रमोद खंडेलवाल एवं दीपक गोयल के सौजन्य से क्लब सदस्यों द्वारा माला,जर्सी प्रदान कर पुरस्कृत ही नहीं किया अपितु उन्हें सकारात्मक जीवन जीने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमें श्परहित सरिस धर्म नहिं भाईश् का अनुसरण कर मानव सेवा करनी चाहिए।

फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र से बीमा क्लेम लेने का दावा खारिज

करौली,(निसं.)। कथित तौर पर फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर बीमा क्लेम की मांग को लेकर जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग के समक्ष पेश किए परिवाद को आयोग ने न केवल खारिज कर दिया, बल्कि परिवादी पर 10 हजार रुपए का जुर्माना सम्बन्धित बीमा कंपनी को अदा करने के आदेश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार टोडाभीम तहसील में कंजोली गांव के निवासी महेन्द्र सिंह ने आयोग के समक्ष यह परिवाद 10 अगस्त 2016 को पेश किया था। इसमें महेन्द्र ने उल्लेख किया था कि उसके भाई औतार उर्फ अवतार पुत्र श्यामलाल ने अपने जीवन पर बीमा पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा निगम से कराई हुई थी, जिसमें वह नॉमिनी है। बीमा कंपनी द्वारा बीमा क्लेम राशि का भुगतान नहीं करने से आहत होकर महेन्द्र ने आयोग के समक्ष यह परिवाद पेश किया। आयोग के अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ठाकुर तथा सदस्य सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने मामले पत्रावली में मौजूद साक्ष्य सबूतों का विश्लेषण किया तो उसमें अवतार के दो अलग-अलग मृत्यु प्रमाण पत्र पाए गए। इतना ही नहीं ग्राम पंचायत की ओर से जारी किए गए कथित मृत्यु प्रमाण पत्र को ग्राम पंचायत के सचिव ने फर्जी बताया। सचिव ने मृत्यु प्रमाण पत्र पर अंकित मुहर को तथा डिस्पेच क्रमांक को फर्जी बताते हुए यह भी जानकारी दी कि गांव के निवासी श्यामलाल के चार पुत्र हैं और ये चारों जीवित भी हैं। सचिव के अनुसार अवतार नाम के व्यक्ति का गांव में होना ही नहीं बताया। मृत्यु प्रमाण पत्र की इस फर्जीकारी के साक्ष्य सामने आने पर आयोग ने इस परिवाद को खारिज करते हुए परिवादी को 10 हजार रुपए बीमा कंपनी को चुकाने के आदेश दिए हैं। आयोग ने आदेश में बीमा कंपनी को आपराधिक मामला दर्ज कराने की छूट भी दी है। गौरतलब है कि आमतौर पर आयोग की ओर से परिवादी के लिए राहत प्रदान की जाती रही है, लेकिन फर्जीकारी का मामला सामने आने पर परिवादी पर जुर्माना लगाने का आयोग का यह सख्त निर्णय अलग हटकर है।

हर्षोल्लास से मनाया गया करवा चौथ

भुसावर भरतपुर (निस)। उपखण्ड भुसावर क्षेत्र में करवा चौथ का पर्व महिलाओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां महिलाएं पिछले कई दिनों से